देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

स्वर्ण तथा रजत पदक का विवरण तथा प्रदाय संबंधी शर्तें

1. स्वर्ण (मढित) पदक मूलतः चांदी का होकर उस पर स्वर्ण (गोल्ड) प्लेटिंग कराया जावेगा ।

2. स्वर्ण पदक का डाइमीटर (व्यास) 3.3 सेंटीमीटर रहेगा । उसमें 20 ग्राम चांदी रहेगी एवं उस पर गोल्ड प्लेटिंग कराया जावेगा । इसके लिए 24 कैरेट शुद्धता का 400 मिलीग्राम स्वर्ण प्रयुक्त किया जावेगा । पदक के शीर्ष पर एक हुक रहेगा ।

3. स्वर्ण पदक का डाइमीटर (व्यास) 3.3 सेंटीमीटर रहेगा । उसमें 20 ग्राम चांदी रहेगी । पदक के शीर्ष पर एक हुक रहेगा ।

4. प्रत्येक पदक के एक ओर विश्वविद्यालय की मुद्रा तथा दूसरी ओर पदक का विवरण जैसे पदक का नाम, छात्र और उसके महाविद्यालय का नाम, परीक्षा आदि की सूचना विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अंकित करनी होगी ।

5. प्रत्येक पदक के साथ डिब्बी (प्रजेन्टेशन बाक्स) भी देना होगा । डिब्बी का नमूना कार्यालय में देखा जा सकता है । इसी नमूने के अनुसार ही डिब्बी देनी होगी । साथ में प्रत्येक प्रजेन्टेशन के भीतर वाले हिस्से में पदक के निर्माण में प्रयुक्त की गई सामग्री एवं उसके आकार तथा वजन का विवरण भी देना होगा ।

6. सफल निविदाकार को निविदा स्वीकृत होने की दशा में अनुमानित मूल्य का कम से कम 3% (तीन प्रतिशत) अर्नेस्ट मनी का डी.डी. कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के नाम जमा कराना होगा । यह डिमाण्ड ड्राफ्ट पदकों के प्रदाय के पश्चात वापसी योग्य होगा ।

7. यदि पदक निर्धारित विवरण के अनुसार नहीं निर्मित किये गये तो उन्हें स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

8. किसी भी निविदा को पूर्ण रूप से या उसके हिस्से को बिना कारण बताए स्वीकार करने का अधिकार कुलसचिव के पास सुरक्षित है।

9. सभी पदकों का प्रदाय आदेश देने की तिथि से 07 दिनों के भीतर करना होगा अन्यथा रूपये 2000/— प्रतिदिन विलम्ब स्वरूप देयक में से कटौत्री की जाएगी ।

10. सफल निविदाकार देयक दो प्रतियों में प्रस्तुत करेंगे । देयक प्राप्ति के पश्चात , जी.एस.टी एवं समस्त कर सहित का भुगतान किया जाएगा ।

11. निविदा दिनांक 23-2-23 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी एवं दिनांक 27-2-23 को सायं 5.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी । पदकों के प्रदाय संबंधी कोई विवाद उत्पन्न होने पर इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा जो कि दोनों के लिए बंधनकारी होगा ।

12. निविदाकारों को लाइसेंस हॉलमार्क का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र भी निविदा के साथ भारत सरकार की प्रमाणिक संस्थान से मानक प्रमाण पत्र अनिवार्य प्रस्तुत करना होगा ।

13. निविदा दर प्रपत्र की राशि रूपये 1000/- (अक्षरी एक हजार मात्र) विश्वविद्यालय के केश काउण्टर में डी.डी. कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,इन्दौर के नाम देय हो । प्रशासन विभाग से दिनांक 22-2-23 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है ।

14. निविदा आवेदन निर्धारित प्रपत्र लिफाफे में जिस पर स्वर्ण/रजत पदक की निविदा "स्पष्ट" रूप से अंकित कर सील बंद लिफाफे में प्रेषित करें । ऐसा नहीं किये जाने पर निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगी ।

15. किसी भी वाद की स्थिति में न्याय का क्षेत्राधिकार इन्दौर रहेगा ।

सही /-

कुलसचिव

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,इन्दौर